**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल सात सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों के सदस्यों की मेजबानी की, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख से अवगत कराने के लिए हाल ही में विभिन्न देशों का दौरा किया था। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में प्रतिनिधि मंडलों में विभिन्न दलों के सांसद, पूर्व सांसद और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के लिए नई दिल्ली की प्रतिबद्धता को उजागर किया था। प्रतिनिधि मंडलों ने पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर बेनकाब करने के भारत के राजनयिक प्रयास के तहत 33 देशों का दौरा किया।

## कॉन्फ्रेंस

एन.डी.ए. सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा ने देशभर में अपने राज्य और जिला मुख्यालयों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जहां उन्होंने पिछले 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियां बताई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित नीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

## वित्तीय सहायता

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए हिमाचल प्रदेश को एक सौ एक करोड़ 18 लाख रुपये की बजट राशि जारी की है । स्वास्थ्य मंत्रालय के अवर सचिव मलाय कुमार हलधर ने इस संबंध में पत्र के माध्यम से सचिव वित्त व स्वास्थ्य को यह जानकारी दी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.................

**केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए हिमाचल प्रदेश को एक सौ एक करोड़ रुपये की बजट राशि जारी की है यह वित्तीय सहायता चालू वित्तीय वर्ष की पहल किश्त के तौर पर जारी की गई है। धनराशि राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिश्न के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और शहरी स्वास्थ्य मिशन के लिए लचीले कोष के रूप में इस्तेमाल की जाएगी। इसे प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने पर खर्च किया जाएगां**

**आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा**

## कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मेले, उत्सव और त्योहार हमारी लोक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे आयोजन जहां एक ओर मनोरंजन का माध्यम हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में आपसी सद्भाव और मेलजोल को भी प्रोत्साहित करते हैं। चंबा जिले के सिहुंता में आयोजित छिंज मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उपमंडल

चुवाड़ी के सिहुंता में एक करोड़ रूपयों की धनराशि से बहुउद्देशीय व्यवसायिक परिसर का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम आमतौर पर साफ है। और तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है। कल प्रदेश में उना जिले का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिक जानकारी के साथ हमारे सहयोगी....................

***प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कल राज्य के पांच स्थानों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और इससे अधिक दर्ज किया गया। ऊना जिले में अधिकतम तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस , हमीरपुर जिले के नेरी का 43 दशमलव 3, बिलासपुर में 40 दशमलव 8, कांगड़ा और मंडी जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के 5 जिलों ऊना, कुल्लू, मंडी हमीरपुर और बिलासपुर में लू का प्रकोप देखा गया। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के छः जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।***

आकाशवाणी समाचार के लिए *समाचार कक्ष से मैं हेमन्त शर्मा।*

**जयंती**

देशभर में आज संतगुरू कबीरदास जयंती मनाई जा रही है। कबीरदास न सिर्फ एक कवि और लेखक थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को संत कबीरदास जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...**

अमर उजाला व दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिह सुक्खू के हवाले से एक जैसी सुर्खी दी है–**शिपकी–ला से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का प्रयास, केंद्र से उठाएंगे मामला**। दिव्य हिमाचल लिखता है–**पर्यटकों के लिए खुला शिपकी–ला– मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया बॉर्डर टूरिज्म का शुभारंभ, चीन बार्डर को नजदीक से देख सकेंगे पर्यटक।** हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–**वांगतू–अटरगू–भावा दर्रा सड़क को मंजूरी एक सौ किलोमीटर घटेगी शिमला –काजा की दूरी।** पंजाब केसरी ने एचपीयू के परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर पर शीर्षक दिया है–**बी.कॉम टॉप–10 में 15 लड़कियां, एक भी लड़का मैरिट में नहीं।** मौसम पर अमर उजाला का शीर्षक है–**हिमाचल में 5 जिलों में लू का प्रकोप, ऊना में पारा 44 दशमलव 2 डिग्री।**

**इसी के साथ ये हमारा बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार। ———————**